

aglasem.com

# कक्षा ११ राजनीति विज्ञान नोट्स

शांति

Key Notes and Important Questions with Answers

अध्याय 18

# शांति

– शांति अर्थात् एक ऐसी स्थिति जहां किसी भी प्रकार का कोई तनाव ना हो।

– हॉब्स, लॉक व रूसों सामाजिक समझौते के अनुसार शांति कायम रखना राज्य का उत्तरदायित्व है। ईसामसीह, सुकरात, गौतम बुद्ध तथा अनेक राजनीतिज्ञों ने शांति को महत्व दिया। गांधी जी ने भी अंहिसा को अपनाया।

– इनके विपरीत दार्शनिक फ्रेड़रिक नीत्शे संघर्ष को ही सभ्यता की उन्नति का मार्ग मानते थे। सिद्धान्तकार विल्फ्रेडा पैरेटो (1848–1923) ने ताकत का इस्तेमाल करने वालों की तुलना शेर से की।

– उन्नत तकनीक जहां एक ओर शंति व विकास में सहायक है वहीं दूसरी ओर पिछले विश्वयुद्धों में तकनीक का इस्तेमाल ही विध्वंस का कारण बना था। जापान के शहर हिरोशिमा व नागासाकी ऐसे उदाहरण है जिन्हें विश्व भूल नहीं सकता।

– शांति का गुणगान राष्ट्र अच्छा लगने के लिये नहीं अपितु इसलिये करते है क्योंकि उसकी भारी कीमत उन्होने चुकाई है।

**शांति का अर्थः–**

– सामान्यतः शांति का अर्थ युद्ध न होने से लिया जाता है। दो देशों के बीच हथियारों के साथ आमना–सामना होना युद्ध कहलाता है। जबकि रवांडा या बोस्निया में ऐसी स्थिति नहीं थी लेकिन शांति का अभाव था।

– शांति को हम हिंसक संघर्षों के अभाव के रूप में देख सकते हैं। (संघर्ष न होना) जाति, वर्ग, लिंग, उपनिवेशवादी, साम्प्रदायिक किसी भी प्रकार का संघर्ष न होना।

**संरचनात्मक हिंसा के विभिन्न रूपः–**

1. **जातिगत व्यवस्था पर आधारितः** कुछ खास समूह व जातियों को अस्पृश्य मान कर व्यवहार करना। जिसे कानून बना कर संविधान के आधार पर समाप्त करने का प्रयास किया गया।
2. **पितृसत्ता के आधार पर आधारितः** ऐसे समाजों में स्त्रियों को अधीन बना उनके साथ भेद–भाव किया जाता है। कन्या भ्रूणहत्या, अपर्याप्त पोषण, दहेज, आदि के रूप में इसके परिणोत देखी जा सकती है।

3. **उपनिवेशवादः** यूँ तो समाप्त हो गया परन्तु असितत्व आज भी कायम है। इजरायली प्रभुत्व के खिलाफ फिलिस्तीनी संघर्ष, यूरोपीय देशों के पूर्ववर्ती उपनिवेशों का शोषण आदि इसके उदाहरण है।

4. रंगभेद, साम्प्रदायिकता व नस्ल आधारित समूह आज भी देखे जा सकते हैं। (हिटलर से लेकर आज तक के उदाहरण लिये जा सकते है।)

हिंसा व भेदभाव का प्रभाव व्यक्ति की मनोवैज्ञातिक व शारीरिक दोनों स्थितियों पर पड़ता है।

**हिंसा की समाप्तिः–**

– संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनिसेफ) के अनुसार, ''चूंकि युद्ध का आरंभ लोगों के दिमाग में होता है इसलिए शांति के बचाव भी लोगों के दिमाग में ही रचे जाने चाहिये''।

**क्या हिंसा कभी शांति को प्रोत्साहित कर सकती है?**

– यूं तो हिंसा अपने पीछे मौत एवं बर्बादी की श्रृखंला छोड़ जाती है परन्तु फिर भी योजनाबद्ध तरीके में सहायक होता है। (गांधी, मार्टिन लूथर किंग, नलस्न मंडेला आदि के उदाहरण दिये जा सकते है)।

**शांति और राज्यसत्ताः–**

– हर राज्य अपने को पूर्णतः एवं सर्वोच्च ईकाई के रूप में देखता है। शांति के लिये स्वयं को वृहत्तर मानवता के रूप में देखना होगा।

– नागरिकों पर बल प्रयोग को रोकना होगा। लोकतंत्रीय शासन प्रणाली के द्वारा ही यह सम्भव है।

**शांति कायम करने के विभिन्न तरीकेंः–**

1. राष्ट्रों को केन्द्रीय स्थान देना, उनकी संप्रभुत्ता का आदर करना।
2. राष्ट्रों की आपसी प्रतिद्वंद्विता का कम कर, आर्थिक एकीकरण से राजनीतिक एकीकरण की ओर बढ़ना।
3. विश्व वैश्वीकरण की प्रक्रिया
4. निः शस्त्रीकरण को अपनाकर

**समकालीन चुनौतियांः–**

1. दबंग राष्ट्रों को प्रभावपूर्ण प्रदर्शन – इराक में अमेरिका का दखल।
2. आंतकवाद का स्वार्थपूर्ण आचरण – इन ताकतों द्वारा जैविक रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल की आशंका।

3. अंतराष्ट्रीय हस्तक्षेप न होना – गोरिल्ला युद्ध 1994 में तुत्सी लोगों का मारा जाना रवांडा में खूनखराबा पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

इन सबके बावजूद भी कुछ ऐसे क्षेत्र है जहां पर आण्विक हथियारों पर पाबन्दी है। ऐसे छः क्षेत्र हैः–

1) दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र
2) लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र
3) दक्षिण पूर्वी एशिया
4) अफ्रीका
5) दक्षिण प्रशांत क्षेत्र व
6) मंगोलिया




– समकालीन विश्व में शांति को प्राथमिकता दी जा रही है। शांति अध्ययन नामक ज्ञान की एक नई शाखा का भी सृजन हुआ है।

– यू.एन. की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी।

## प्रश्नावली

**एक अंकीय प्रश्न–**

1. शांति से क्या अभिप्राय है?
2. शांति का क्या महत्व है?
3. शांति के मार्ग की कोई दो बाधाऐं लिखें।
4. आधुनिक अर्न्तराष्ट्रीय समाज की मांग क्या है?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. संयुक्त राष्ट्र का मुख्य उद्देश्य क्या था?
7. सिद्धांतकार विल्फ्रेडों पैरेटो ने ताकत का इस्तेमाल करने वालों की तुलना किससे की?
8. संरचनात्मक हिसां का क्या अर्थ है?
9. शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व का अर्थ लिखें?
10. युद्ध करना कब उचित हो सकता है?

**दो अंकीय प्रश्न–**

1. असमानता किस प्रकार शांति को हानि पहुंचा सकती है?
2. हमारे समाज में हिंसा बढ़ने या पनपने के क्या कारण है?
3. हिंसा को कैसे समाप्त किया जा सकता है?
4. शांति स्थापना में राज्य का क्या सम्बन्ध है?
5. निः शस्त्रीकरण से आप क्या समझते है?
6. लोग शांति का गुणगान क्यों करते हैं?

**चार अंकीय प्रश्न–**

1. अहिंसा से क्या अभ्रिपाय है?
2. राज्य किस प्रकार शांति कायम रख सकते है?
3. शांति कायम करने वाले विश्व के चार क्षेत्रों के बारे में लिखें, जहां परमाणु हथियारों पर पांबदी है?
4. आपके विचार से शांति को लम्बे समय तक किस प्रकार बनाऐ रखा जा सकता है?

**पांच अंक वाले प्रश्न–**

1. दावा किया जाता हे कि हिंसा एक बुराई है लेकिन कभी–कभी यह शांति लाने की अपरिहाय पूर्वशर्त जैसी होती है। शांतिवादियों का मकसद लड़ाकुओं की क्षमता को कम करके आंकना नहीं, प्रतिरोध के अहिंसक स्वरूप पर बल देना है। गांधी जी ने न्याय को अपना आधार बनाया और विलायती शासकों के अंतःकरण को आवाज दी। उन्होंने नैतिक व राजनैतिक दबाव बनाने के लिये जन आन्दोलन चलाए। मार्टिन लूथर किंग ने अमेरिका में काले लोगों के साथ भेदभाव के खिलाफ आन्दोलन 1960 में शुरू किया था।

   (i) उपरोक्त पक्तियां किस ओर इशार करती है। (अपने शब्दों में लिखें)

   (ii) गांधी जी किस प्रकार के आन्दोलन के समर्थक थे?

   (iii) क्या हिंसा भी कभी शांति का कारण बन सकती है?

2. 
   अमन कायम करने का तरीका हिंसा के जिम्मेदार लोगों को सजा देना है?

   नहीं, हिंसा रोकने के लिए प्रतिहिंसा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हम स्थायी शांति केवल शांतिपूर्ण तरीकों पर जोर देकर ही ला सकते है।

   तुम शांति के दूत की तरह बोल रहे हो। क्या तुम अपने छोटे भाइयों के साथ इस तरह के शांतिपूर्ण तरीकें अपनाते हो या वहां.....

   (i) स्थायी शांति से क्या तात्पर्य है?

   (ii) शांति का मकसद स्पष्ट करें?

   (iii) कोई दो प्रश्न स्वयं बनाऐं। व उनके उत्तर लिखें।

**छः अंक वाले प्रश्न–**

1. संरचनात्मक हिंसा के विभिन्न रूप कौन–कौन से है?
2. शांतिकायम करने के विभिन्न तरीके लिखें।
3. विश्व के सम्मुख विद्यमान चुनौतियों का संक्षिप्त विवरण लिखें जिनका सम्बन्ध शांति से हो।
4. ऐसे छः क्षेत्रों के नाम लिखें जहां परमाणु हथियारों पर पाबन्दी है?

## उत्तरमाला

**एक अंकीय प्रश्नों के उत्तरः–**

1. युद्ध रहित व्यवस्था अर्थात् युद्धों का अभाव।
2. विश्व में विकास के लिये जरूरी।
3. आंतकवादी व शस्त्रों की होड़।
4. विश्व शांति।
5. 24 अक्टूबर 1945
6. विश्व में शांति कायम करना।
7. शेर से।
8. जाति, धर्म, नस्ल, रंग, लिंग पर आधारित हिंसा।
9. शांतिपूर्ण सहयोग से स्वंय जीना व जीने देना।
10. अपनी रक्षा एवं शांति कायम करने वाली स्थिति में।

**दो अंकीय प्रश्नों के उत्तरः–**

1. शांति व समरसतापूर्ण सम्बन्धों को अभाव होगा, प्रतिद्वन्द्विता एवं घृणा का साम्राज्य होगा।
2. (i) जातिगत, साम्प्रदायवाद क्षेत्रवाद .....
   (ii) आपसी ईर्ष्या व स्वार्थपरकता।
3. लोगों के मस्तिष्क व आत्मा से हिंसक सोच को हटाना होगा। करूणा, ध्यान व आत्ममन्थन के द्वारा।
4. (i) माानव जाति के साथ समान व्यवहार।
   (ii) शांति व मानव कल्याण हेतु राज्य बल का प्रयोग।
5. हथियार न बनना अथवा उनको सीमित करना।
6. इसके अभाव में उन्होंने बहुत कुछ खोया है।

**चार अंकीय प्रश्नों के उत्तरः–**

1. आन्तरिक या बाहरी किसी भी प्रकार की हिंसा न होना। (व्याख्या कीजिए)
2. (i) कानूनों का निर्माण कर
   (ii) अधिकारों की रक्षा कर।
   (iii) अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा
   (iv) बाहरी आक्रमणों से रक्षा

3. मानचित्र में अंकित हैं।

4. (i) अन्तर्राष्ट्रीय कानून
   (ii) सम्प्रभुत्ता का सम्मान
   (iii) निःशस्त्रीकरण
   (iv) शक्ति संतुलन
   (v) सामूहिक उत्तरदायित्व
   (vi) जनमत (कोई चार)

**पाँच अंकीय प्रश्नों के उत्तरः–**

1. (i) शांति की अवधारणा के संदर्भ में।
   (ii) अहिंसावादी आन्दोलन।
   (iii) हाँ, बन सकती है कभी–कभी।

2. (i) युद्ध न होने की स्थिति, हिंसक संघर्षों का अभाव।
   (ii) ऐसी स्थिति जहाँ किसी प्रकार का तनाव न होना।

3. विद्यार्थी स्वयं बनाएंगे।

**छः अंकीय प्रश्नों के उत्तरः–**

1. (i) जातिगत व्यवस्था
   (ii) पितृस्तात्मक व्यवस्था
   (iii) उपनिवेशवाद
   (iv) रंगभेद आधारित हिंसा आदि

2. (i) संप्रभुता का आदर करना।
   (ii) परस्पर निर्भरता का आदर।
   (iii) निःशस्त्रीकरण (सभी का वर्णन)

3. (i) दबंग राष्ट्रों का प्रभाव।
   (ii) आंतकवाद
   (iii) अन्तर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप
   (iv) हथियारों की होड (सभी का वर्णन)

4. मानचित्र की सहायता से विद्यार्थी स्वयं करें। पाठ में ही प्रश्न का उत्तर है स्वयं खोजें।